Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:34 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:53 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 256 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 7 अप्रैल 2024



नई कार में आलिया भट्ट के...पेज-3 पर

## सोमवती अमावस्या: हरिद्वार में आज रात से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

उत्तरांचल दीप
सलीम खान, हल्द्वानी

रविवार की रात 12 बजे से सोमवार को स्नान संपन्न होने तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने अफसरों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। सोमवार को होने वाले सोमवती अमावस्या स्नान को लेकर पुलिस ने रूट प्लान जारी कर दिया है। रविवार की रात 12 बजे से सोमवार को स्नान संपन्न होने तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने अफसरों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। एसपी यातायात



पंकज गैरोला ने बताया, सोमवती स्नान को लेकर रूट प्लान जारी कर दिया गया है। कई राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए रूट और पार्किंग स्थल तय कर दिए गए हैं। दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर से स्नान के लिए आने वाले वाहन नारसन, मंगलौर, कोर कॉलेज, ख्याति ढाबा, गुरुकुल कांगड़ी, शंकराचार्य चौक होते हुए हरिद्वार आएंगे और अलकनंदा, दीनदयाल, पंतद्वीप, चमकादड़ टापू में पार्क किए जाएंगे।

अत्यधिक दबाव बढ़ने पर मंगलौर से नगला इमरती अंडरपास, लंढौरा, लक्सर, सुल्तानपुर, फेरूपुर, एसएम तिराहा से श्रीयंत्र पुलिया पार्किंग बैरागी कैंप में भेजा जाएगा। पंजाब, हरियाणा से आने वाहन सहारनपुर, मंडावर, भगवानपुर, सालियर, बिजौली चौक, एनएच 344 होते हुए नगला इमरती, कोर कॉलेज, बहादराबाद बाईपास, हरिलोक तिराहा, गुरुकुल कांगड़ी से हरिद्वार आएंगे और अलकनंदा, दीनदयाल, पंतद्वीप, चमगादड़ टापू में पार्क किए जाएंगे। दिल्ली से आने वाली पर्यटक बस, ट्रैक्टर-ट्रालियों को ऋषिकुल मैदान, सेफ पार्किंग, हरिराम इंटर कॉलेज में पार्क किया जाएगा। यूपी के नजीबाबाद से आने वाले छोटे वाहन चिड़ियापुर, श्यामपुर, चंडी चौकी, चंडीचौक होते हुए दीनदयाल, पंतद्वीप, चमगादड़ टापू में पार्क कराए जाएंगे। देहरादून-ऋषिकेश से आने वाले वाहनों को नेपालीफार्म, रायवाला, दूधाधारी तिराहा से मोतीचूर पार्किंग में भेजा जाएगा। यूपी के नजीबाबाद से हरिद्वार आने वाले हल्के वाहन/बसें रोडवेज बस अड्डा गौरी शंकर पार्किंग में रहेगा। नजीबाबाद से देहरादून जाने वाले वाहन 4.2 से गौरी शंकर, हनुमान चौक, दक्षिण काली तिराहा, भीमगोड़ा, बैराज, हाईवे, चंडीघाट चौक अंडर पास से यूटर्न लेकर देहरादून को प्रस्थान करेंगे।

## News कॉर्नर

### वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश अग्रवाल भाजपा में शामिल

**देहरादून।** आज कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है, वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश अग्रवाल आज भाजपा में शामिल हो गए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के चुनावी मैदान में कांग्रेस के सिपहसालार धीरे-धीरे भाजपा के आगे अपने हथियार डालते नजर आ रहे हैं। उत्तराखंड की कांग्रेस के लिए बड़ा झटका ये है कि कांग्रेस के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल ने आज देहरादून बलबीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ,पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और विधायक विनोद चमोली की उपस्थिति में दिनेश अग्रवाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस पार्टी से सभी दिग्गज धीरे धीरे भाजपा परिवार से जुड़ रहे है।

### पीएम मोदी 11 अप्रैल को हरिद्वार में करेंगे चुनावी जनसभा

**हरिद्वार।** पहले प्रधानमंत्री मोदी की 12 अप्रैल को जनसभा का कार्यक्रम बना था। वहीं योगी का 11 अप्रैल को रुड़की, श्रीनगर और किच्छा में चुनावी सभाएं करने का कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट पर प्रचार करने के लिए अब 11 अप्रैल को आएंगे। उनकी चुनावी जनसभा हरिद्वार स्थित भल्ला इंटर कॉलेज में होगी। पीएम का कार्यक्रम तय होने के बाद पार्टी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 11 अप्रैल को होने वाली चुनावी सभाएं टाल दी हैं। योगी अब या तो 11 अप्रैल से पहले उत्तराखंड आएंगे या इसके बाद की किसी तिथि पर प्रचार करेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने पीएम की रैली तय होने की पुष्टि की है।

नीतीश कुमार बोले- पति-पत्नी मिलकर केवल राज करते रहे

## आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है : पीएम मोदी

पटना/नई दिल्ली
एजेंसी

पीएम नरेंद्र मोदी चुनावी जनसभा के माध्यम से भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के समर्थन में नवादा के लोगों से वोट देकर उन्हें जिताने की अपील करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि आपके वोट की ताकत ने देश को मजबूत ताकत दी और वह विकास के लिए कार्य कर रहा है।

मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है। मैं भी आपकी तरह ही गरीबी को जी कर यहां आया हूं। मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 के पहले देश की क्या स्थिति थी? करोड़ों देशवासियों के पास न घर था, न शौचालय था और न पीने के लिए स्वच्छ पानी। अस्पताल में इलाज के लिए गरीबी को दर-दर भटकना पड़ता था। गरीबी का बेटा मोदी गरीब का सेवक है। मैं जब तक गरीबी दूर नहीं कर लूंगा तक तक चैन से नहीं बैठूंगा। बीते दस वर्षों में जो काम हुआ वह आजादी के छह दशकों में भी नहीं हुआ था। जब नीयत सही होती है और हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी मिलते ही हैं। पीएम नरेंद्र



मोदी बोले- साथियों मैंने लाल किले से कहा था कि यही समय है और सही समय है। हमलोग मिलकर काम करें तो भारत विकासित हो सकता है। अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है। इसलिए 2024 का लोकसभा चुनाव काफी अहम हो गया है। बीते 10 साल में बिहार के लोगों ने देशहित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज बिहार में आधुनिक एक्सप्रेस वे बन रहे। रेलवे का आधुनिकीकरण हो रहा। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ़ रही है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह सब आपके वोट के कारण हो रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं नवादा के लोगों को नमन करता हूं। मैं सभी महान विभूतियों को नमन करता हूं। नवादा ने हमेशा भाजपा को, एनडीए को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद दिया है। मैं देख रहा हूं कि आपका प्यार बता रहा है कि नवादा के साथ-साथ पूरे बिहार में एनडीए का परचम लहराने जा रहा है। पिछले 10 साल में जो काम हुए हैं, आज उसकी झलक दिख रही है। आज पूरा देश कह रहा है कि फिर एक बार एनडीए सरकार।

## जेपी नड्डा की कार बनारस से बरामद दिल्ली में हुई थी चोरी, दो लोग दबोचे

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की हरियाणा नंबर की फॉरच्यूनर कार को बनारस, यूपी से बरामद कर लिया है। कार ढूंढने के लिए बनी विशेष टीम ने 15 दिन में कार को ढूंढ निकाला। इन 15 दिनों में कार को नौ शहरों में ले जाया गया। कार पर सांसद का स्टीकर लगा हुआ था, ऐसे में दुरुपयोग होने का अंदेशा था।

पुलिस ने बड़कल के शाहिद और शिवांश त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने कई साथियों के साथ क्रेटा कार से कार को चुराकर ले गए थे। शाहिद ने फरीदाबाद में पत्नी व बच्चों को बैठा लिया, ताकि पुलिस पकड़ न सके। बड़कल में इन्होंने नंबर प्लेट बदल ली थी। आरोपियों को यूपी ले जाते हुए पता लग गया था कि ये भाजपा अध्यक्ष की कार है, बावजूद आरोपियों में खौफ पैदा नहीं हुआ।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की कार रविदास मार्ग, अरोड़ा प्रॉपर्टी के सामने, गोविंदपुरी इलाके से 18 व 19 की रात चोरी हुई थी। उनका चालक जोगिंदर सिंह कार को अपने घर ले गया था। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने एसीपी दिलीप सिंह व जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ता प्रभारी राजेंद्र



सिंह डागर की देखरेख में करीब 12 पुलिसकर्मियों की विशेष टीम तैयार की।

ये टीम 20 मार्च को ही दिल्ली से यूपी व हरियाणा के लिए रवाना हो गई थी। आरोपी शाहिद ने बताया कि वह दिल्ली कार चोरी करने क्रेटा से आए थे। पुलिस ने इस कार को भी बरामद कर लिया है। गोविंदपुरी, दिल्ली, फरीदाबाद, बड़कल, अलीगढ़, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बरेली, लखनऊ और बनारस के बाद कार को आगे नागालैंड ले जाया जा रहा था। आरोपियों ने खुलासा किया है कि उन्होंने डिमांड पर कार चुराई थी। भाजपा अध्यक्ष की कार चोरी हुई थी, ऐसे में दिल्ली पुलिस की साख दांव पर थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शाहिद मैदानगढ़ी थाने का घोषित बदमाश है। इसके खिलाफ 60 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इसकी बेटी सना और दामाद फारूक को कार चुराने में सहायता करने के आरोप में बरेली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस इसके परिवार व रिश्तेदारों की तलाश कर रही है।

## रुद्रपुर में श्रमिक के जेब में रखा मोबाइल फटने से घायल, हड़कंप

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत श्रमिक की जेब में रखा मोबाइल फट गया। इससे वह घायल हो गया। पीड़ित कोतवाली पहुंचा। रुद्रपुर के वार्ड नंबर 25 सनसिटी कालोनी निवासी महेश पाल के मुताबिक वह सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत हैं और शनिवार को बस की कंपनी से ड्यूटी गया था। बस कंपनी गेट पर पहुंची और जैसी ही बस से उतरने वाला था।

तभी जेब में रखा मोबाइल से धुआं उठने लगा,जब तक वह मोबाइल बाहर निकालता,वह फट गया। जिससे वह बस में बैठे अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया है, धमाका इतनी जोर से हुआ कि उसकी पैंट फट गई तो टांग झुलस गई। पीड़ित रविवार कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचा। कोतवाली से उसे सिडकुल चौकी भेज दिया है। महेश ने बताया कि वह कंपनी के खिलाफ कंजूमर कोर्ट में शिकायत करेगा।



**हड़कंप**

- कंपनी के खिलाफ कंजूमर कोर्ट में करेगा शिकायत

## साइबर ठगों ने लाखों का चूना

**हल्द्वानी।** लोगों को जागरूक करने के बाद भी साइबर ठगी की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। लोग साइबर ठगों के जाल में फंस कर अपनी मेहनत की कमाई गंवाने में लगी हैं। अब हल्द्वानी का एक और युवक साइबर ठगों के जाल में फंस कर एक लाख रूपए गंवा चुका है। पीड़ित ने रकम वापस दिलाने की गुहार साइबर पुलिस से की है। गुरीपुर जीवानंद लामाचौड़ निवासी निखिलेश गुणवंत पुत्र विजय कुमार ने साइबर पुलिस में शिकायत की है उसके मोबाइल पर फोन आया था और कहा गया कि उसने ताइवान के लिए जो पार्सल बुक कराया है उसमें अवैध सामग्री बरामद हुई है और जल्द ही साइबर क्राइम ब्रांच मुंबई में रिपोर्ट करने को कहा गया। डरकर पीड़ित ने प्राइवेट जानकारी उसे दे दी। जानकारी देते ही उसके खाते से एक लाख निकाल लिए गए।

## नैनीताल के लेटीबूंगा में सीएम की जनसभा, प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में सबसे अधिक काम किया: धामी

हल्द्वानी/नैनीताल
हमारे संवाददाता

उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश से मोदी को हटाने की कोशिश कर ले लेकिन देश की जनता भाजपा के साथ है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नैनीताल जिले में धारी के लेटीबूंगा पहुंचकर सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह मुस्लिम लीग घोषणा पत्र है। साथ ही कांग्रेस हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति करते आ रही है।

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने यूसीसी बिल लागू करने का काम किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 हटाने के साथ विश्व में भारत



का डंका बज रहा है।

कांग्रेस देश से मोदी को हटाने की कोशिश कर ले, लेकिन देश की जनता भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में सबसे अधिक काम किया है। पीएम ने जमरानी बांध, कुमाऊं में एम्स, हल्द्वानी के विकास के लिए धनराशि दी है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों के बदौलत इस बार भाजपा 400 पार सीट जीतने जा रही है।

# रुद्रपुर में बरेली और ऊधम सिंह नगर प्रशासन की बैठक

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांततिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती जनपद बरेली और ऊधम सिंह नगर पुलिस अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय बनाये को बैठक एक होटल में आयोजित हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती के साथ यह तीसरी बैठक है। सभी सीमावर्ती जनपदों के साथ सभी सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा चुका है। साथ ही एआरओ, थानाध्यक्षों व सीमावर्ती गांव स्तरों पर भी समन्वय बैठकें कर ली गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन हम आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुये निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्वाध सम्पन्न करायेगें। उन्होने कहा उत्तर प्रदेश के पांच जनपद उधमसिंह नगर की सीमाओं से लगे है। जिला बरेली के साथ ऊधमसिंह नगर के विधानसभा रूद्रपुर, किच्छा सितारगंज के 24 गांव लगे है। जिनमें 32 बूथ है व 29787 मतदाता है। उन्होंने बरेली से निर्वाचन में सहयोग समन्वय करने, सीमाओं पर कानून व्यवस्था, चैक पोस्ट, अवैध मदिरा की तस्करी, जनपदीय सीमाओं पर वैरियर एवं सीसीटीवी व्यवस्था कर निर्वाचन को शांतिपूर्ण निर्वाध सम्पन्न कराने में समन्वय व पूर्ण सहयोग की अपील की। डीएम बरेली रविन्द्र कुमार ने बताया कि निर्वाचन में पूर्ण सहयोग व समन्वय के साथ सकुशल निर्वाचन सम्पन्न कराया जायेगा। दोनो तरफ के सभी एसडीएम, पुलिस, तहसीलदार, लेखपाल आपस में व्हटसप ग्रुप बनाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हुये समन्वय बनाकर निर्वाचन को सम्पन्न करायेगें। बार्डर एरिया पर दोनों तरफ से पैनी नजर रखते हुये सख्ती बरती जायेगी। उन्होने कहा कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये पूर्ण सहयोग रहेगा। एसएसपी बरेली सुशील गुले ने कहा कि पूर्व बैठकों में विस्तृत चर्चा हो चुकी है तथा थानों स्तरों पर भी बैठके कर सूचना आपस में शेयर कर ली गयी हैं। उन्होंने कहा कि जनपद बरेली में तीन चरणों में मतदान है इसलिये उन्होंने सभी चरणों में मतदान दिवस को बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील की।



**मंथन**

● बैठक में लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने पर हुआ मंथन

नोडल अधिकारी/ सीडीओ मनीष कुमार ने विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से देते हुए बताया कि जनपद में कुल 13,37,607 मतदाता है व सुलभ मतदान हेतु कुल 1465 मतदान बूथ बनाये गये है। बरेली जिले की सीमाओ से लगे कुल 32 बूथ है जिनमे 29787 मतदाता है।

एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के ने बताया कि जनपद में क्रिटिकल एवं वर्नेवल बूथ चिन्हित है तथा शस्त्रों का सत्यापन किया जा चुका है। अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर 57 वैरियर लगाये जाते है तथा गोला, बेगूल व कल्याणी नदी रास्तो से भी आवागमन की सम्भावनाये है। इसको रोकने के लिये मोबाईल पुलिस बल तैनात किया जायेगा। बैठक में दोनों जनपदों के अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में करंट लगने से युवक की मौत

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक करंट लगने से झुलस गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक वार्ड 13 निवासी सुरेंद्र यादव किराए के मकान में रहता था। वह शनिवार को गंगापुर रोड पर स्क्रैप का सामान ट्रैक्टर ट्राली में लोड कर रहा था। तभी वह स्केप भरते समय हाई टेंशन लाइट की चपेट में आ गया। उसे आनन-फानन में अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक मूल रूप से यूपी के पूरनपुर पीलीभीत उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। यहां पर काफी समय से रह रहा था।



## 45 वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर में भाजपा मंडल नैनीताल के शक्ति केंद्रों में पथ सभाओं के क्रम में शनिवार को सूखाताल शक्तिकेंद्र की सभा ऐशडेल कंपाउंड में आहूत की गई। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में आनंद सिंह बिष्ट मंडल अध्यक्ष के रुप में मौजूद रहे।

इस दौरान पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अलका जीना समेत द्रौपदी डिमरी,पूनम जोशी तथा कविता गंगोला ने दीप प्रज्ज्वलित कर सभी को स्थापना दिवस की मुबारकबाद दी। मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया और आगामी लोक सभा चुनावों में बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया। सभा में शक्ति केंद्र के संयोजक अरविंद सिंह पडियार समेत शक्ति केंद्र प्रभारी विक्रम सिंह रावत के साथ ही हेमलता पांडे, हेमा पांडे, नीमा अधिकारी, प्रेमा साह, मीनू बुधलाकोटी, रीना मेहरा, दीपिका बिनवाल, लता दफौटी,तारा बोरा, गीता रावत, लक्ष्मी देवी,पूजा सिंह, कमला पंत, हेमा साह,बीना पांडे, विमला कांडपाल,शांति देवी, विमला देवी, कमला सजवान, लता मेहरा, प्रेम सागर, रोहित भाटिया, संजय चंदेल, कमल भट्ट आदि उपस्थित रहे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मंडल नैनीताल के 15 शक्ति केंद्रों के 70 बूथों में अभी तक 97 पथ सभाएं हो गई हैं।

## सराहनीय कार्यों को लेकर प्रशंसा पत्र भेंट किया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन द्वारा शनिवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी वरुण कुमार से भेंट की।

इस दौरान टंडन ने अधिशासी अधिकारी वरुण कुमार की ओर से किए जा रहे बेहद सराहनीय कार्यों के मद्देनजर उन्हें प्रशंसा पत्र भेंट किया गया। अध्यक्ष टंडन के मुताबिक वरुण कुमार के बेहद अच्छे प्रयासों से ना ही पर्यटन व्यवसाय बल्कि पर्यटक को सहूलियत के साथ नैनीताल की पर्यटन छवि में भी इस प्रयास का महत्व जुड़ता है। उनके द्वारा केलाखान के पास गार्डन और आई लव नैनीताल कैंटोनमेंट सेल्फी पॉइंट जैसे कदम बेहद पसंद किए जा रहे हैं,साथ ही कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा गेस्ट हाउस के पास के बेहद परेशानी वाले सडक़ के किनारे लगी दीवार को पतला और आसान बना कर के सडक़ पर वाहनों की आवाजाही में जो सहूलियत हुई है। टंडन के मुताबिक सीईओ की लीडरशिप में कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा पाइनस द फोरेस्ट पैराडाइस एडवेंचर पार्क एंड ईको स्पॉट भी एक बेहद रोचक शुरुआत है जिसके की बच्चे और बड़े सभी अनन्द लेते हैं और पर्यटकों के लिए भी एक अच्छा मनोरंजन हैं। टंडन ने कहा कि मुख्य अधिशासी अधिकारी के इन सभी सराहनीय कार्यों के लिए माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल ने उनका आभार व्यक्त कर सम्मान किया है।



## NEWS / फटाफट

### कुमाऊं विवि के पूर्व छात्र को फेलो चुने जाने पर दी शुभकामनाएं



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के पूर्व छात्र तथा पूर्व निदेशक एच एफआर ई शिमला एवं यूकॉस्ट के एमिरेट्स साइंटिस्ट डॉक्टर एसएस सामंत फेलो ऑफ लिनियन सोसाइटी लंदन चुने गए है डॉक्टर सामंत कुमाऊं विश्वविद्यालय एलुमनी सेल के उपाध्यक्ष है तथा फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज है। डॉक्टर सामंत के 360 स्साइटिफिक पेपर पब्लिश हो चुके है 5620 सिटेशन के साथ आई 10 इंडेक्स 99 तथा एच इंडेक्स 40 है। 15,पुस्तके 13 हिंदी बुकलेट उनकी प्रकाशित हो चुकी है । 32 विद्यार्थी उनके निर्देशन में पीएचडी कर चुके है तथा एकेडमिक कार्यों के लिए डॉक्टर सामंत इंग्लैंड ,चीन , यूरोप जा चुके है तथा पूर्व में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण संस्थान कोसी तथा कुलु में वैज्ञानिक के रूप में कार्य कर चुके है। डॉक्टर सामंत आज कल हल्द्वानी रहते है ।उ नके फेलो चुने जाने पर डॉक्टर बी एस कलाकोटी , डॉक्टर श्रीखर पंत कूटा अध्यक्ष प्रो ललित तिवारी,महासचिव डॉक्टर विजय कुमार ने डॉक्टर सामंत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### रिनीशा ने गोल्ड मेडल जीत नाम रोशन किया



**हल्द्वानी।** जय दुर्गा मार्शल आर्ट एकेडमी की खिलाड़ी रिनीशा लोहनी ने जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। एकेडमी के प्रशिक्षक एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनोद लखेरा के कुशल निर्देशन में रिनीशा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अब तक तमाम पदक जीत चुकी है। प्रशिक्षक लखेरा का कहना है कि रिनीशा कठिन परिश्रम करने से नहीं घबराती है और कभी भी खेलने के लिए तैयार रहती हैं। रिनीशा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कोच एवं परिजनों को दिया है। रिनीशा के पिता नवीन लोहनी रोडवेज आरएम ऑफिस काठगोदाम में कार्यालय सहायक के पद पर तैनात हैं। 13 वर्षीय रिनीशा शहर के एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## धारी में निजि सड़क बनाने के लिए दर्जनों हरे पेडो़ पर चली आरी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

धारी में बड़े पैमाने पर छोटे - बड़े हरे बाज व बुरांश के पेडो़ के काटने का मामला सामने आया है । शनिवार को वन पंचायत मझेला में ग्राम सभा. कौल निजि मोटर मार्ग निर्माण में दर्जनों छोटे- बड़े हरे बाज व - बुरांश पेडो़ के काटने का मामला सामने आया है। इधर सूचना पर वन विभाग टीम पहुंच गई व जांच में जुट गई।

लोकसभा चुनाव ड्यूटी में व्यस्त प्रशासन, इसी का फायदा उठा कर स्थानीय बिल्डर द्वारा दर्जनों पेडो़ पर आरी चला दी । जिसकी भनक सरपंच को भी नही लगी । सरपंच सोना देवी ने कहा पेड़ किसने काटने इसकी जानकारी नही है। धारी तहसील मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर मझेला वन पंचायत में सड़क बनाने के लिये बड़े पैमाने पर छोटे बड़े हरे खर्शु - बुरांश के पेडो़ के काट दिये गये है । काटे गये पेडो़ की संख्या लगभग दस से अधिक दर्जन पेड़ हो सकती है । मौके पर पेडो़ के छोटे - बड़े खूट वन व कटी लकडी़ मिली है। वहीं वन विभाग की टीम के पहुंचने पहले ही निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन चालक मशीन लेकर फर्रा हो गया । प्रमोद कुमार आर्या वन क्षेत्र अधिकारी ने बताया धारी में पेड़ काटने का मामला सामने आया है । जांच के लिये मौके टीम भेजी गयी है । सरपंच सोना देवी के पुत्रो ने वन विभाग टीम के साथ निरीक्षण किया । दोषी व्यक्ति के खिलाफ के कारवाई की गई । मौक पर लकडी़ पाई गयी है लगभग 66 पेड़ काटे गये है। इस मौके पर प्रमोद कुमार आर्या वन क्षेत्र अधिकारी उत्तरी गौला रेंज, वन दरोगा पूरन मेलकानी , वन रक्षक चन्दन सिंह मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गये है।



## रामलीला में महिला कालाकारों ने शूर्पणखा नासिका छेदन का शानदान मंचन किया

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

पुनर्नवा महिला समिति की ओर से हीरानगर उत्थान मंच में आयोजित महिला रामलीला के छठे दिन कलाकारों ने शूर्पणखा नासिका छेदन व खर-दूषण वध का शानदार मंचन किया।

इससे पहले मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश, दीपक बल्यूटिया, गीतिका बल्यूटिया, हेमंत बगडवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रामलीला मंचन में वन स्त्री का अभिनय अदिति व कंचन तिवारी, राम का मानसी, लक्ष्मण का लक्षिता, खर का सुमन शाह, दूषण का राधा मिश्रा, मंत्री का दीपा तिवारी, दूत का उर्वशी बोरा, रावण का गीता दर वाल, जोगी रावण का नीतू रौतेला, जटायु का सोना तिवारी, नर्तकी का स्वस्तिका बोरा, शूर्पणखा का पूजा लटवाल व हनी तिवारी, सीता का तेजस्विनी तथा मारिच के पात्र का अ िनय राधा मिश्रा ने किया।



इस मौके पर समिति अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, प्रेमा बृजवासी, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, रेखा रावत, कुसुम बोरा, अंजना बोरा आदि मौजूद थे।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## कांटों में चुने फूल

*जब लोग किसी विषय में नकारात्मक पक्ष को पेश कर रहे होते हैं, तब नरेन्द्र मोदी उसी संदर्भ में सकारात्मक दृष्टि से कुछ हासिल करने का प्रयास करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) यानि कृत्रिम मेधा तकनीक के खतरे से लोग भयभीत दिख रहे हैं। इस तकनीक के जरिये धोखाधड़ी और अन्य अपराध बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी एआई के सकारात्मक पहलू के आधार पर कह रहे हैं कि भारत एआई में विश्व का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने युवा उद्यमियों का आह्वान किया कि एआई के माध्यम से वैश्विक प्रयोगों के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों का समाधान करें।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सफलता के अनेक कारण गिनाये जा सकते हैं। विरोधी पार्टी के नेता बुराई तलाशते रहते हैं। गुण-अवगुण हर इंसान में होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का एक गुण उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कि वह कांटों में भी फूल चुनने की कोशिश करते हैं। जब लोग किसी विषय में नकारात्मक पक्ष को पेश कर रहे होते हैं, तब नरेन्द्र मोदी उसी संदर्भ में सकारात्मक दृष्टि से कुछ हासिल करने का प्रयास करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) यानि कृत्रिम मेधा तकनीक के खतरे से लोग भयभीत दिख रहे हैं। इस तकनीक के जरिये धोखाधड़ी और अन्य अपराध बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी एआई के सकारात्मक पहलू के आधार पर कह रहे हैं कि भारत एआई में विश्व का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने युवा उद्यमियों का आह्वान किया कि एआई के माध्यम से वैश्विक प्रयोगों के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों का समाधान करें। दरअसल विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में हमेशा नई-नई खोज होती रही हैं। मानव सभ्यता का इतिहास नवाचार से भरा पड़ा है। समाज में दो तरह की प्रवृत्ति के लोग हमेशा रहे हैं। कुछ लोग नई खोज, नई तकनीक, नये उपकरण का सदुपयोग करके जीवन को सुविधाजनक बनाकर विकास की ओर अग्रसर होते हैं और कुछ दुरुपयोग करके अपराध करते हैं और दूसरों को परेशानी में डालते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग शुरू हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस तकनीक को लेकर बहस छिड़ी हुई है। एआई से विश्वव्यापी बदलाव होंगे। चिकित्सा के क्षेत्र में इसके माध्यम से रोगियों का उपचार आसान हो जायेगा, लेकिन नकारात्मक पक्ष यह है कि चिकित्सा क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ सकती है। अपराध बढ़ने से निम्न से लेकर उच्च वर्ग को खतरा पैदा हो सकता है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां कृत्रिम मेधा से अपराधियों पर नकेल भी कस सकती हैं। नई तकनीक के दुरुपयोग के डर से विज्ञान के क्षेत्र में शोध को रोका नहीं जा सकता है। विद्युत का आविष्कार होने से दुनिया में प्रकाश फैला। विद्युत के बिना मनुष्य के जीवन में अंधेरा हो जायेगा। इसी बीच करेंट लगने से मृत्यु का भय भी है, लेकिन इस डर से बिजली उत्पादन बंद नहीं किया जा सकता है। झोपड़ी, खेत, वन से लेकर राष्ट्राध्यक्षों व शासनाध्यक्षों के आवास में विद्युत उपकरण हैं। घरेलू से लेकर बड़े उद्योग भी बिजली से संचालित हो रहे हैं। इंटरनेट ने दुनिया को समेट दिया है। एंड्रॉयड फोन से भी समाज में विकृतियां उत्पन्न हुई हैं। अपराधी मोबाइल फोन के माध्यम से आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं, लेकिन सर्विलांस के जरिये पुलिस को मोबाइल फोन ही अपराधियों तक पहुंचाता है। इसलिए एआई का सदुपयोग वरदान साबित होगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस





हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने आवास व प्रतिष्ठान में भाजपा का झंडा लहराकर सेल्फी ली और इसे सोशल मीडिया में डाला। भाजपा सम्भाग कार्यालय में राष्ट्र प्रथम के भाव को आत्मसात कर अंत्योदय के ध्येय और सुशासन व गरीब-कल्याण के संकल्प के साथ माँ भारती की सेवा में सतत समर्पित, विश्व के विशालतम राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को कार्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा चुनाव प्रभारी बलवंत सिंह भोर्याल ने भारतीय जनता पार्टी के झंडे को फहराया और मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ घर घर जाकर जनसंपर्क किया और पार्टी के कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रतिबद्ध किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हर्बोला, प्रताप रैकवाल, विजय मनराल,रेनू अधिकारी, मधुकर क्षैत्रिय, भुवन भट्ट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भी जिलाध्यक्ष अलका जीना के नेतृत्व में स्थापना दिवस मनाया और अपने घरों में झंडे लगाये। भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल ने अपने कार्यालय में भाजपा का ध्वज फहराया। इस मौके पर उन्होंने कहा 45 वर्षों से राष्ट्र निर्माण में समर्पित समस्त कर्मठ व परिश्रमी देवतुल्य कार्यकर्ताओं भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को हार्दिक शुभकामनाएं। भाजपा के स्थापना दिवस पर मैं उन सभी महान विभूतियों को नमन करता हूँ, जिनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण से पार्टी आज इस शिखर पर पहुंची है।

## लापता किशोर दिल्ली से बरामद, परिजनों को सौंपा

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप से 6 माह पहले लापता किशोर को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक 18 अक्टूबर 2023 को ट्रांजिट कैंप मुखर्जी नगर निवासी राम प्रसाद ने तहरीर सौंप बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र अमित कुमार घर से बिना बताए कहीं चला गया है। इस पर पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि जिसकी विवेचना एसआई प्रदीप पंत को दी गई थी। बताया कि इस दौरान किशोर के दिल्ली के करोलबाग में होने की सूचना मिली। किशोर ने दिल्ली में बैंक खाता खोला। जिसमें आधार कार्ड कनेक्ट था। इस पर साइबर सेल में तैनात महिला एसआई रीता चौहान ने उसे ट्रेस कर लिया और सूचना पुलिस अधिकारियों को दी। जिसके बाद एसआई प्रदीप पंत के नेतृत्व में पुलिस और एसओजी की टीम दिल्ली पहुंची और अमित कुमार को नई दिल्ली करौलबाग से बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया निराशाजनक

देहरादून

हमारे संवाददाता



भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को निराशाजनक और आत्मविश्वास से खोखला बताते हुए, देश को पीछे ले जाने वाला बताया। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा, कांग्रेस की विश्वसनीयता शून्य है लिहाजा जिनकी खुद की गारंटी नहीं उनकी गारंटी पर जनता को भरोसा नहीं है। साथ ही सवाल किया कि अपने राज्यों में इन गारंटी को लागू क्यों नहीं किया।

कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए जोशी ने कहा, उनके चुनावी घोषणापत्र में लगातार हार से उपजी निराशा और वैचारिक खोखलापन स्पष्ट नजर आता है । आत्मबल से हीन उनका घोषणा पत्र सभी बिंदुओं पर पूरी तरह निराश करने वाला है। जिसमे पहला सवाल तो यह उठता है कि जिन 10 गारंटियों की बात वे कर रहे हैं वो सभी उन्होंने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल में क्यों नहीं लागू किया। चंद महीने पहले तक राजस्थान मध्य प्रदेश छतीसगढ़ में भी उनकी सरकारी थी लेकिन वहां भी ऐसी कई गारंटी का वादा किया लेकिन लागू नही किया । आगे इस बात की क्या गारंटी है कि वह इसे चुनाव के बाद लागू करेंगे। उन्होंने तंज किया कि कांग्रेस कि लगभग 60 सालों तक देश में शासन करने वाली पार्टी ने हमेशा देशवासियों के साथ अन्याय किया है। हमेशा जनता को जाति, धर्म, वर्गों और क्षेत्रों में बांटकर राज करने की संस्कृति को आगे बढ़ाया । कभी भी गरीब, युवा, किसान, महिला, पिछड़े समाज और व्यवसायियों, सेवाकर्मियों, निजीकर्मियों, सैनिकों किसी के लिए कभी कोई काम नही किया, सिर्फ वादा किया। यही वजह है कि साल दर साल कांग्रेस की विश्वसनीयता गिरते गिरते आज शून्य हो गई है। 2019 में भी मोदी जी की 6 हजार रुपए की किसान सम्मान निधि की तरह ही कांग्रेस ने 72 हजार रुपए की घोषणा की थी । लेकिन जनता ने उनकी बातों पर भरोसा नही किया और तत्कालीन चुनावों में बुरी तरह नकार दिया था । ऐसी ही अनेकों अतार्किक एवं झूठी गारंटी समय समय पर कांग्रेस ने अनेकों बार राज्यों के चुनावों में की । लेकिन जनता मोदी और भाजपा के संकल्पों पर विश्वास जताया और कांग्रेस की गारंटी को भरोसे लायक नही माना।

उन्होंने कहा, आज मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और कांग्रेस का घोषणापत्र उसे पीछे ले जाने वाला है । जिस जीएसटी को उन्होंने संसद में मिलकर पास कराया, उसे राजनैतिक विद्वेष के चलते वापिस लेने का वादा कर रहे हैं । आज देश, आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ते हुए दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने को अग्रसर है और वे अपनी पुरानी असफल नीति को लागू करने की बात कर रहे हैं । सबसे महत्वपूर्ण बात है कि वे गारंटियों की बात तो करते हैं लेकिन उसको पूरा करने की योजना कभी सामने नही रखते हैं, क्योंकि वे भी जानते हैं कि कौन जीतने वाला है । ऐसी खोखली और यथार्थ से परे की घोषणाओं को जनता जानती समझती है।

# फिल्मी दुनिया

## नई कार में आलिया भट्ट के साथ नजर आए रणबीर कपूर



*बॉलीवुड सितारे का महंगी कार के लिए प्यार जगजाहिर है। अभिनेता रणबीर कपूर को भी गाड़ियों का शौक है। एनिमल के ब्लॉकबस्टर हो जाने के बाद उन्होंने खुद को बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटी कार गिफ्ट की है। हाल ही में उन्हें इस कार में मुंबई की सड़कों पर देखा गया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी आलिया भट्ट भी मौजूद थीं। रणबीर की नील रंग की है जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये बताई जा रही है।*

*शनिवार की रात अभिनेता को रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी के घर से निकलते देखा गया। काली शर्ट में रणबीर काफी हैंडसम लग रहे थे। वहीं, आलिया लाल, स्ट्रैपी ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। घर से बाहर निकलते ही पैपराजी ने अभिनेता की कार को घेर लिया और फोटो क्लिक करने लगे। इसके बाद रणबीर पैपराजी से मजाक में अंदर आकर बैठने के लिए कहते हुए भी नजर आए। सोशल मीडिया पर रणबीर का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दिलचस्प बात यह है कि रणबीर की रामायण के निर्देशक नितेश तिवारी और ब्रह्मास्त्र 2 के निर्देशक और उनके सबसे खास दोस्त अयान मुखर्जी को भी उसी स्थान पर अलग-अलग कारों में जाते हुए देखा गया था। वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछले साल के अंत में रणबीर फिल्म एनिमल में नजर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसके फिल्म के बाद वे जल्द ही रामायण में नजर आने वाले हैं।*

### दर्शकों को उम्मीदें

*फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी करने वाले हैं। फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। नितेश हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के मंझे हुए निर्देशक हैं। वे दंगल और छिछोरे जैसी फिल्में बना चुके हैं, जिसकी वजह से दर्शकों को उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं।*

## ट्रांजिट कैंप गोलीकांड का पांचवां आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, चाकू बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में होली के दिन एक युवक पर की गई फायरिंग के मामले में नामजद आरोपियों पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी नितिन गंगवार पर होली के दिन कुछ युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी, बाद में तमंचे से फायरिंग भी की थी। इस मामले में पीड़ित आठ नामजद समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित के चोटें आई थीं। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि नामजद हमलावरों में चार आरोपी पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांचवां आरोपी विष्णु सागर पुत्र अशोक सागर निवासी ठाकुर



नगर ट्रांजिट कैंप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस हमलावरों की तलाश में घूम रही थी, तभी बसुंधरा ग्रीन कालोनी जाने वाले रास्ते पर वह पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। उन्होंने बताया कि अन्य नामजद हमलावरों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। उन्होंने फरार हमलावरों को जल्द पकड़ने का दावा किया। टीम में इंस्पेक्टर के अलावा एसआई दिनेश भट्ट, कांस्टेबल दिनेश चंद्र, राकेश खेतवाल आदि शामिल रहे।

## News कॉर्नर

### प्रेक्षक बराड़ ने किच्छा के कई बूथों का किया स्थलीय निरीक्षण

**रुद्रपुर।** शनिवार को सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बराड़ ने किच्छा क्षेत्र के कई मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने किच्छा के कृष्णा मर्चेण्ट एइका,सरस्वती पूर्व मा.विद्यालय, पीएम श्री राउच्चतर मा.वि,अटल उत्कृष्ट रा. बालिका इंटर कालेज आदि बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चिन्हित वल्नरेबल व क्रिटिकल पोलिंग बूथ व पोलिंग लोकेशन पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कर्मचारी व अधिकारी तत्परता से कार्य करते रहे व किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाशत नही किया जाएगा। उसके उपरांत उन्होंने गदरपुर व बाजपुर की ट्रेनिंग जो पंतनगर में चल रही थी उसमें भी प्रतिभाग किया।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक युवक को 2.77 किग्रा गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस गौला गेट के पास चैकिंग कर रही थ। इसी दौरान संदिग्ध हालत में घूमते हुए एक युवक को दबोच लिया। उसके पास मिले कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम रामपाल पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम डहरपुरकलां तहसील दातागंज थाना दातागंज जिला बदायूं हाल निवासी हाथीखाल गोलागेट गौरापड़ाव बताया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

# कुमाऊं विवि की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की अहम बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शनिवार को कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुलपति प्रो0 रावत ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के सभी सात मानकों पर खरा उतरने के लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हो कि नैक की ओर से कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को बी ग्रेड दिया गया है लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने नैक ग्रेडिंग से असंतुष्ट होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसके पश्चात् नैक द्वारा



पुनर्मूल्यांकन किया जाना प्रस्तावित है। अतः कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के अनुभवी गुरुजनों एवं कर्मियों की टीम पूरी तन्मयता से काम कर रही है। कुलपति प्रो.रावत स्वयं प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी विभागों एवं गतिविधियों में प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 रावत ने विश्वविद्यालय में शोध, अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ाने हेतु किये जा रहे प्रयासों से अवगत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोग, अनुसंधान और खोज को प्राथमिकता देने तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने और इसे प्राप्त करने के लिए एक संस्कृति स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में निदेशक आईक्यूएसी प्रो0 संतोष कुमार ने अपने प्रजेंटेशन के माध्यम से लेक्चर तथा सेमिनार व अन्य आयोजन व विभागीय लाइब्रेरी की स्थिति तथा पिछले पांच साल की विभागीय गतिविधि व संसाधनों की स्थिति व एल्युमिनाई रिकॉर्ड व स्पोर्ट्स गतिविधियां आदि पर प्रकाश डाला। बैठक में प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखंड सरकार के पर्यटन विभाग में विशेष कार्याधिकारी भाष्कर खुल्बे ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, हमें शिक्षार्थी को केवल मूल्यांकन के लिए नहीं बल्कि जीवन के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करना है। बैठक में किरोड़ीमल महाविद्यालय दिल्ली के प्रो0 रामानंद सिंह ने इवोल्यूशन, क्वालिटी पैरामीटर्स तथा पॉलिसी रिफॉर्म्स व एकेडमीक एक्टिविटी व फैसिलिटी लर्नर इन्वायरमेंट, इंफ्रवमेंट टीचिंग व ग्रीवेंस रेडरेस्सल सेल तथा फ डिबैक आदि के बारे में जानकारी दी। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य आईआरएस शिबड्डा दास विश्वास ने बताया कि किस तरह से विभागों द्वारा स्टार्टअप्स शुरू किए जाएं साथ ही राज्य और केंद्र सरकार को किस तरह से प्रस्ताव भेजकर उनका क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में निदेशक डीएसबी परिसर प्रो0 नीता बोरा शर्मा, कुल सचिव दिनेश चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र सिंह राणा, प्रो0 आशीष तिवारी, डॉ0 नंदन सिंह बिष्ट तथा डॉ0 दिपाक्षी जोशी के साथ विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ गुरुजन एवं अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग का कार्य कल से होगा प्रारंभ

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदेय स्थलों में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग (उम्मीदवार सेटिंग) का कार्य कल सोमवार से प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि नैनीताल जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलो में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग (उम्मीदवार सेटिंग) का कार्य एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में प्रारंभ किया जाएगा। ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग के अन्तर्गत इंजीनियर्स द्वारा मशीन में बैलेट पेपर लगाने, सि बल लगाने, मॉकपोल करने, उम्मीदवार सेटिंग तथा मशीन सील करने का कार्य किया जायेगा। ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग (उ मीदवार सेटिंग) का कार्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ किया जायेगा तथा इसकी वीडियोग्राफी की जायेगी।




**चुनाव के लिए हमने कर ली तैयारी आप भी दे अपनी भागीदारी**

वोट करेगा नैनीताल की अपील के साथ मतदाता जागरूकता के लिए शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य के बाद अपने संदेश दिए। एमबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं केंद्र व्यवस्थापक डीके पंत के नेतृत्व तथा स्वीप नैनीताल के गौरीशंकर काण्डपाल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में चुनाव का पर्व देश का गर्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गई। चुनाव के लिए हमने कर ली तैयारी आप भी दे अपनी भागीदारी, हर वोट जरूरी है तैयारी पूरी है, वोट करेगा उत्तराखंड, कोई मतदाता न छूटे, अपने मत की कीमत को पहचाने, 19 अप्रैल को मतदान अवश्य करें इन संदेशों के साथ शिक्षकों के द्वारा जन-जन तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन में पहुंचे भाजपा नेता

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में आयोजित सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ पहुंचे? उन्होंने वहां पर माथा टेक आशीर्वाद लिया।

सार्वजनिक अखंड महनाम संकीर्तन 5 अप्रैल से प्रारंभ होकर 9 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि ऐसी संकीर्तन से क्षेत्र में भक्ति के बयार बहती है और आसपास का वातावरण पवित्र हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत देश धार्मिक आस्थाओं का देश है जहां समाज के हर वर्ग के लोग अपनी-आप ने आस्थाओं के आधार पर पूजा पाठ करते हैं जो आने वाली पीढ़ी को नई दिशा देते हैं उन्होंने सार्वजनिक अखंड महनम संकीर्तन के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी इस दौरान अध्यक्ष विष्णु सरकार, सचिव सरोज राय, उपसचिव पवित्र राय, कोषाध्यक्ष शंकर सरकार, अमित सरकार,संजय ढाली, गौरांग विश्वास ,प्रदीप गोलदार, श्यामल राय ,करण मदक, विश्वजीत भक्त, कौशिक पाल आदि मौजूद रहे।



# ठेकेदार के पल्लेदार की दबंगई, मजदूरी के रुपए मांगने गए मजदूरों पर हमला किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

खेतों में काम करने के बाद मजदूरी का पैसा मांगने पर ठेकेदार व उनके साथियों ने महिला पुरुष मजदूरों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने घायलों का उपचार करा दिया, मगर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की।

सभी घायल न्याय के लिए एसएसपी कार्यालय पहुंचे। मामला थाना गदरपुर क्षेत्र का है। खेमपुर पलका चौक गदरपुर निवासी मदन सिंह पुत्र मोहन सिंह ने पुलिस कार्यालय में दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि उसका पुत्र कन्हई सिंह ठेकेदार के साथ पल्लेदारी का काम करता है तथा उसके कहने पर गाँव की महिलाओं को मटर तोड़ने के लिए बुलाता था। ठेकेदार पर आरोप है कि सकी चार माह की दिहाड़ी, पुत्र की तीन माह की तथा उसकी पत्नी व पुत्री की भी तीन-तीन माह की दिहाड़ी रोक ली थी। महिलाओं की भी दिहाड़ी का भुगतान ठेकेदार ने नहीं किया। बताया कि 1 अप्रैल को सुबह को गाँव की कुछ महिलाएं अपनी मजदूरी के पैसे माँगने ठेकेदार के घर गई थी। ठेकेदार पर मजदूरी के पैसे माँगने पर उनके साथ गाली-गलौज की तथा मजदूरी के पैसे देने से मना कर दिया। धमकी दी दोबारा यहाँ पैसा माँगने मत आना वरना बुरा हाल होगा। इस बात की शिकायत उससे की क्योंकि वह ही उत्तफ महिलाओं को मजदूरी हेतु बुलाता था। मजदूरी का भुगतान ठेकेदार का साथी पल्लेदार देता था। इसके बाद वह महिलाओं को लेकर मजदूरी के संबंध में पल्लेदार के पास उसके घर गये तथा उससे मजदूरी के दिए जाने के संबंध मे बात की। पल्लेदार ने कह कर मजदूरी देने से मना कर और उसे अपने घर से घसीटता हुआ सड़क पर आ गया।

आरोप है कि तभी पल्लेदार के परिजन हाथों में डण्डे लेकर आ गए तथा लात-घूसों व डंडों से हमला कर दिया। हमले में सभी के चोटें आई। मारा। मदन सिंह का कहना है कि वह परिवार के साथ खून से लथपथ हालत में ही थाना गदरपुर पहुंचा। जहाँ पुलिस ने सभी का उपचार कराया गया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ आज तक कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में बैठे अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

### वरिष्ठ फिजिशियन ने स्वास्थ्य के प्रति मरीजों को किया जागरूक

**नैनीताल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय बीडी पांडे नैनीताल में वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर एमएस दुगताल ने स्वास्थ्य के प्रति मरीजों को किया जागरूक। उन्होंने स्टाफ नर्स और मरीजों को संबोधित करते हुआ बताया की इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम मेरा स्वास्थ मेरा अधिकार है। विश्व भर की स्वास्थ समस्याओं और इससे जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए यह थीम बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी अपने स्वास्थ के प्रति सचेत रहें।

# मारपीट के आरोपी अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने ग्राम मल्ला गांव ऊँचाकोट बेतालघाट में एक युवती के साथ अश्लीलता कर मारपीट करने के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

आरोपी चन्दन सिंह बंगारी पुत्र भगत सिंह निवासी ग्राम मल्लागांव पटटी ऊँचाकोट के खिलाफ एक युवती ने 11 मार्च 2024 को ऊँचाकोट में रिपोर्ट लिखाई कि आरोपी 9 मार्च की रात शराब पीकर उनके घर आया और उसके साथ अश्लीलता करने लगा और विरोध करने पर मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए। वह अपनी मां व बहन की मदद से आरोपी से बच सकी।

आरोपी की आज कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका सुनवाई को पेश हुए। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा ने विरोध किया। विवेचना अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में बताया गया है कि अभियुक्त की गिरफतारी व पूछताछ हेतु कई बार उसके घर गए लेकिन घटना बाद से वह फरार है और विवेचना में भी सहयोग नहीं कर रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार द्वारा अभियुक्त द्वारा एक ही दिन में पीडिता को लज्जा भंग करने के उद्देश्य से दो बार हमला करने, पीडिता के बयान एवं पीडिता की मेडिकल रिपोर्ट में दर्शित चोटों को गम्भीरता से लेते हुये अभियुक्त चंदन सिंह बंगारी का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज किया।

# अखिल भारतीय खत्री समाज बधाई सम्मान समारोह का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कैनाल रोड तिकोनिया स्थित सुंदरम होटल में शनिवार को अखिल भारतीय खत्री समाज द्वारा होली मिलन समारोह के साथ-साथ बधाई सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। महिला खत्री समाज में अपने सभी खत्री बंधुओं के साथ इसे उत्सव के रूप में मनाया इसमें हास्य कवि वेद प्रकाश अंकुर राजकुमार भंडारी एवं गायक निर्मल जोशी ने सुंदर कार्यक्रम कर शमा बंधा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडी अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू को सम्मानित किया गया। खत्री समाज के अध्यक्ष आलोक टंडन, संरक्षक दिलीप मेहरोत्रा सचिव आदेश टंडन के साथ महिला अध्यक्ष अरुणा टंडन सचिव राधा टंडन,



कोषाध्यक्ष संगीता टंडन, संरक्षिका रीता टंडन,अल्का टंडन ने कार्यक्रम में दिल से सभी का आभार व्यक्त किया और वरिष्ठ महिलाओं में निम्मी, कमल टंडन, स्नेह लता, अनिल कपूर डब्बू की माता को रामचरितमानस एवं भागवत गीता देखकर सम्मानित किया गया। साथ ही रक्षित टंडन को खत्री समाज में युवाओं की ऊर्जा की पहचान बने थे। उन्हें भी खत्री समाज द्वारा सम्मानित किया गया। शहर के सभी खत्री समाज के गडमान्य लोग उपस्थित थे इनमें संजीव टंडन, विनीत टंडन,समीर टंडन,दीपक टंडन आंचल टंडन, सौरभ टंडन, सत्य प्रकाश बैजल, अभय मेहरोत्रा, अनमोल मेहरोत्रा, राकेश मल्होत्रा, अमित मल्होत्रा, असित मल्होत्रा, अभिषेक कक्कड़, तन्मय टंडन, डॉ नितिन मल्होत्रा, अनूप टंडन, गौतम टंडन राजीव टंडन आदि उपस्थित थे।